**दिनांक–19.06.2026 को पूर्वाह्न 07:00 बजे नगर आयुक्त, पटना नगर निगम के द्वारा आगामी मॉनसून के दौरान जल–जमाव की समस्या से निपटने के लिये की गई तैयारी के क्रम में राजीव नगर नाला एवं बाँकीपुर अंचल के सभी वार्डों का निरीक्षण संबंधी टिप्पणी:–**

दिनांक–19.06.2026 को माननीय वार्ड पार्षद, अपर नगर आयुक्त (सफाई), मुख्य नगर अभियंता, वरीय प्रभारी, बाँकीपुर अंचल, कार्यपालक पदाधिकारी, पाटलिपुत्र अंचल/बाँकीपुर अंचल, कार्यपालक अभियंता, पाटलिपुत्र प्रमंडल/बाँकीपुर प्रमंडल/जलापूर्ति प्रमंडल/विद्युत प्रमंडल, सहायक लोक स्वच्छता एवं अपशिष्ट प्रबंधन पदाधिकारी, सहायक अभियंताओं एवं मुख्य सफाई निरीक्षक, बाँकीपुर अंचल, पटना नगर निगम के साथ राजीव नगर नाला एवं बाँकीपुर अंचल के सभी वार्डों का क्षेत्र निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में निम्नांकित निर्देश दिये गयेः–

| क्र० | स्थान का नाम | दिये गये निर्देश | अनुपालनकर्ता पदाधिकारी |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | राजीव नगर नाला | राजीव नगर नाले का निरीक्षण किया गया एवं निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि कई स्थानों पर खुले नाले में अत्याधिक मात्रा में सिल्ट जमा है। साथ हीं यह भी पाया गया कि राजीव नगर नाला के साईड वाली गलियों के नाले से पानी आकर जमा हो रहा है तथा नाले के साईड में गड्ढ़ा हो गया है। भ्रमण के क्रम में यह भी पाया गया कि कुछ स्थानों पर मिट्टी डालने से नाले की चौड़ाई भी कम हो गई है।<br>परियोजना निदेशक, बुडको द्वारा बताया गया कि जब तक पानी का आना नहीं रूकेगा, तब तक पूरे सिल्ट को निकाल पाना संभव नहीं है।<br>परियोजना निदेशक, बुडको को निर्देशित किया गया कि उक्त नाला से संबंधित संपूर्ण निर्माण कार्य आज हीं रात्रि अवधि में समाप्त कर लेंगे तथा सभी नालों के चैम्बर में ढ़क्कन लगवाना सुनिश्चित करेंगे, साथ हीं नाले के साईड के गड्ढ़ों को भड़ते हुए सड़क के लेवल तक लायेंगे एवं उक्त क्षेत्र में जितने भी गली के नाले हैं, उन्हें राजीव नगर नाला में मिलवाना सुनिश्चित करेंगे।<br>कार्यपालक पदाधिकारी, पाटलिपुत्र अंचल को निर्देशित किया गया कि यदि नाले के रास्ते में/ गली के नालों में यदि जाम पाया जाता है तो अविलम्ब सफाई कराना सुनिश्चित करें, साथ हीं वैसे स्थान जहाँ मिट्टी डालने से नाले की चौड़ाई भी कम हो गई है, को बुडको से समन्वय स्थापित कर ठीक कराते हुए अविलम्ब नालों से सिल्ट हटवाना सुनिश्चित करेंगे, ताकि पानी का प्रवाह बाधित न हो। | कार्यपालक पदाधिकारी, पाटलिपुत्र अंचल एवं परियोजना निदेशक, बुडको |
| 2 | CDA कॉलोनी | वार्ड नं०–36 में CDA कॉलोनी क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में माननीय वार्ड पार्षद द्वारा अवगत कराया गया कि जलापूर्ति विस्तार की 04 (चार) योजनाएं अभी तक पूर्ण नहीं हुई है, साथ हीं रोड–रेस्टोरेशन का कार्य भी अधूरा है एवं एक पुराने पम्प हाउस को असमाजिक तत्वों द्वारा अतिक्रमण किया हुआ है। | कार्यपालक पदाधिकारी, बाँकीपुर अंचल, कार्यपालक अभियंता, जलापूर्ति प्रमंडल एवं कार्यपालक अभियंता, बाँकीपुर प्रमंडल |

Patna Municipal Corporation
Date: 23.06.2026
20262010121
https://pmc.bihar.gov.in

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | कार्यपालक अभियंता, जलापूर्ति प्रमंडल को निर्देशित किया गया कि उक्त क्षेत्र में जलापूर्ति प्रमंडल के चल रहे सभी योजनाओं को अविलम्ब पूर्ण कराना सुनिश्चित करेंगे एवं कार्यपालक अभियंता, बाँकीपुर प्रमंडल को निर्देशित किया गया कि दिनांक–22.06.2026 के पश्चात किसी भी प्रकार का सड़क खोदाई का कार्य नहीं किया जायेगा, सभी कार्य अचूक रूप से दिनांक–22.06.2026 तक पूर्ण कर लेंगे।<br>कार्यपालक पदाधिकारी, बाँकीपुर अंचल निर्देशित हैं कि उक्त पम्प हाउस पर किये गये अतिक्रमण को अविलम्ब हटाना सुनिश्चित करेंगे। | |
| 3 | भट्टी रोड | वार्ड नं०–38 में भट्टी रोड स्थित सम्प हाउस का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि वर्षा के क्रम में खेतान मार्केट क्षेत्र का संपूर्ण पानी इसी सम्प हाउस से निकाला जाता है।<br>कार्यपालक पदाधिकारी, बाँकीपुर अंचल निर्देशित हैं कि वर्षा के दौरान ससयम सम्प हाउस से सही स्तर पर आवश्यकतानुसार पम्प चलवाना सुनिश्चित करेंगे, ताकि वर्षा के क्रम में जल निकासी में व्यवधान उत्पन्न न हो। | कार्यपालक पदाधिकारी, बाँकीपुर अंचल |
| 4 | सैदपुर सम्प | वार्ड नं०–42 में सैदपुर सम्प हाउस का निरीक्षण किया गया एवं निरीक्षण के क्रम में कार्यपालक पदाधिकारी, बाँकीपुर अंचल निर्देशित हैं कि बुडको से समन्वय स्थापित कर न्यूनतम स्तर पर भी सम्प को चलवाना सुनिश्चित करेंगे, साथ ही वर्षा के क्रम में सभी High Alert पर रहेंगे एवं ससमय आवश्यकतानुसार सम्प चलवाना सुनिश्चित करेंगे। | कार्यपालक पदाधिकारी, बाँकीपुर अंचल |
| 5 | प्रेमचन्द गोलम्बर | वार्ड नं०–43 में प्रेमचन्द गोलम्बर क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में सड़क के मैनहोल को खुलवा कर देखा गया एवं नाला साफ पाया गया।<br>कार्यपालक पदाधिकारी, बाँकीपुर अंचल को निर्देशित किया गया कि उक्त क्षेत्र के सभी मैनहोल को मॉनसून पूर्व अपने निगरानी में निरंतर सफाई कराना सुनिश्चित करेंगे, ताकि वर्षा के दौरान जल निकासी में व्यवधान उत्पन्न न हो।<br>साथ हीं कार्यपालक अभियंता, विद्युत प्रमंडल को निर्देशित किया गया कि यदि बिजली विभाग के द्वारा किसी भी प्रकार का केवल सड़क में बिछाने का कार्य किया जाता है, तो उसे रोकने हेतु नोटिस निर्गत करना सुनिश्चित करेंगे। | कार्यपालक पदाधिकारी, बाँकीपुर अंचल एवं कार्यपालक अभियंता, विद्युत प्रमंडल |
| 6 | NCC बिल्डिंग के पास | वार्ड नं०–48 में NCC बिल्डिंग के पास सैदपुर नहर की साफ–सफाई का निरीक्षण किया गया।<br>कार्यपालक पदाधिकारी, बाँकीपुर अंचल को निर्देशित किया गया कि मॉनसून के पूर्व अपने निगरानी | कार्यपालक पदाधिकारी, बाँकीपुर अंचल |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | में निरंतर सफाई करायेंगे ताकि पानी का प्रवाह बाधित न हो। | |
| 7 | बाजार समिति | वार्ड नं०–47 में बाजार समिति के आस–पास के क्षेत्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में पाया गया उक्त क्षेत्र में सड़क के दोनों ओर अत्याधिक मात्रा में स्ट्रीट भेंडरों का ठेला इत्यादि लगा हुआ है, जिससे उक्त क्षेत्र में आम नागरिकों को आवागमन में परेशानी उत्पन्न हो रही है।<br><br>कार्यपालक पदाधिकारी, बाँकीपुर अंचल को निर्देशित किया गया कि उक्त क्षेत्र में पूर्व से चिन्हित भेंडिंग जोन को समतलीकरण कराना सुनिश्चित करें। | कार्यपालक पदाधिकारी, बाँकीपुर अंचल |
| 8 | सैदपुर नाला | वार्ड नं०–47 एवं 48 में स्थित सैदपुर नाले की साफ–सफाई कार्य का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि उक्त नाले में बहुत जगहों पर नाला उड़ाही का कार्य अच्छे ढ़ंग से नहीं किया गया है, यत्र–तत्र गंदगी व्याप्त पायी गई एवं कई जगहों पर C&D waste पाया गया।<br><br>अपर नगर आयुक्त (सफाई) को निर्देशित किया गया कि क्षेत्र में पाये गये व्याप्त गंदगी एवं सैदपुर नाले की ठीक ढ़ंग से सफाई न होने के कारण कार्यपालक पदाधिकारी, नगर प्रबंधक, मुख्य सफाई निरीक्षक से स्पष्टीकरण करते हुए संतोषप्रद जवाब समर्पित करने तक वेतन स्थगित रखेंगे।<br><br>कार्यपालक पदाधिकारी, बाँकीपुर अंचल निर्देशित हैं कि उक्त क्षेत्र में उच्चकोटि की साफ–सफाई एवं सैदपुर नाला की सही ढ़ंग से पूर्ण नाला उड़ाही कराना सुनिश्चित करें, साथ हीं यत्र–तत्र पड़े C&D waste को हटाना सुनिश्चित करें। | अपर नगर आयुक्त (सफाई) एवं कार्यपालक पदाधिकारी, बाँकीपुर अंचल |
| 9 | PMCH के पास | वार्ड नं०–41 में PMCH के पास के क्षेत्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में माननीय वार्ड पार्षद द्वारा अवगत कराया गया कि पूर्व में PMCH के गेट के पास जल–जमाव की स्थिति उत्पन्न रहती थी, परन्तु अब सड़क के दोनों ओर के नाले को ह्यूम पाईप से जोड़ दिया गया है, जिससे अब जल–जमाव की स्थिति नहीं होगी।<br><br>उक्त क्षेत्र में भ्रमण के क्रम में PMCH के बगल में सड़क पर पानी का बहाव पाया गया।<br><br>कार्यपालक अभियंता, बाँकीपुर प्रमंडल को निर्देशित किया गया कि ह्यूम पाईप लगाकर खुले नाले को मखनिया कुआँ के पास के नाले में जोड़वाना सुनिश्चित करें, ताकि उक्त पानी का बहाव सड़क पर न हो। | कार्यपालक अभियंता, बाँकीपुर प्रमंडल |
| 10 | पिलर नं०–24 से 41 | वार्ड नं०–41 के माननीय वार्ड पार्षद द्वारा यह अवगत कराया गया कि पिलर नं०–24 से 41 तक सड़क के दूसरी ओर पुल निर्माण निगम द्वारा किसी भी प्रकार | कार्यपालक अभियंता, बाँकीपुर प्रमंडल |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | का नाले का निर्माण नहीं किया गया है, जिसका मुख्य कारण जमीनी विवाद एवं मैट्रो कार्य है। उक्त क्षेत्र में वर्षा के दौरान जल–जमाव की स्थित उत्पन्न हो सकती है, जिसे ठीक कराने की आवश्यकता है।<br>कार्यपालक अभियंता, बाँकीपुर प्रमंडल निर्देशित हैं कि पुल निर्माण निगम के समन्वय स्थापित कर मौनसून के पूर्व बनवाना सुनिश्चित करें। | |

**नगर आयुक्त**
पटना नगर निगम

ज्ञापांक–III-M-68-2019-Part-VIII-.....10121..., पटना, दिनांक–...23../..06../2026

प्रतिलिपि– संबंधित अपर नगर आयुक्त/ संबंधित उप नगर आयुक्त/ मुख्य नगर अभियंता/ नगर वित्त एवं लेखा नियंत्रक/ कार्यपालक पदाधिकारी, पाटलिपुत्र अंचल/बाँकीपुर अंचल/ सभी कार्यपालक अभियंता, पटना नगर निगम, पटना को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

**नगर आयुक्त**
पटना नगर निगम

ज्ञापांक–III-M-68-2019-Part-VIII-....10121....., पटना, दिनांक–...23../....06/2026

प्रतिलिपि– प्रधान सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ समर्पित।

20/06/26

**नगर आयुक्त**
पटना नगर निगम